कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग, ई–1, से0–1 नोएडा।

पत्रांकः 5898 /29–1, गौतमबुद्धनगर दिनांक 23, मई , 2026

सेवा में,

नोडल अधिकारी/भूगर्भ जल विभाग,
सदस्य जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिशद,
जनपद गौतमबुद्धनगर।

विषयः– भूगर्भ जल पुनर्भरण हेतु तालाबो के माध्यम से पुनर्भरण किए जाने के लिए सूची उपलब्ध कराने के संबध में।

सन्दर्भः– 1. श्री अभिष्ट कुसुम गुप्ता, विशेष आमंत्रित सदस्य जिला वेटलैण्ड समिति गौतमबुद्धनगर का पत्र दिनांक 18–03–2026 (प्रति संलग्न)
2. आपका पत्रांक 1026/भू0ज0वि0/एक्ट(एनओसी)/नो0अधि0/गौतमबुद्धनगर दिनांक 27–01–2025 (प्रति संलग्न)
3. उप महा प्रबंधक (सिविल), नोएडा प्राधिकरण नोएडा का पत्रांक नौएडा/उ0म0प्र0(सि0)/2025/678 दिनांक 25–06–2025 (प्रति संलग्न)
4. इस कार्यालय का पत्रांक 4677/29–1 दिनांक 18–03–2026

महोदय

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि श्री अभिष्ट कुसुम गुप्ता, विशेष आमंत्रित सदस्य जिला वेटलैण्ड समिति गौतमबुद्धनगर द्वारा अवगत कराया गया कि आपके संदर्भित पत्र के कम में उप महा प्रबन्धक (सिविल) नोएडा प्राधिकरण के संदर्भित पत्र में नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत 10 तालाबो का विविरण प्रेषित कर आपको अवगत कराया गया है कि उक्त तालाबों के पुनर्भरण एवं आवश्यक रखरखाव/अनुरक्षण किये जाने हेतु सक्षम स्तर द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

अतः संदर्भित पत्रो के कम में आपसे अपेक्षा गयी थी कि संलग्न सूची के अनुसार औद्योगिक ईकाइयों को तालाब के आवंटन एवं आवश्यक रखरखाव/अनुरक्षण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही की सूचना इस कार्यालय को भी प्रेषित करने का कष्ट करें। किन्तु अभी तक प्रकरण में कोई कार्यवाही अमल में नही लायी। अतः आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि संलग्न सूची के अनुसार उपरोक्तानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग
गौतमबुद्धनगर।

पत्रांकः 5898 / , दिनांकित

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी महोदया, गौतमबुद्धनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
3. उप महा प्रबंधक (सिविल), नोएडा प्राधिकरण नोएडा
4. श्री अभिष्ट कुसुम गुप्ता, विशेष आमंत्रित सदस्य जिला वेटलैण्ड समिति गौतमबुद्धनगर

प्रभागीय वनाधिकारी
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग
गौतमबुद्धनगर।

Scanned with OKEN Scanner

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

कार्यालय उप महाप्रबन्धक (सिविल)

मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-6, नौएडा

पत्रांकः—नौएडा / उ0म0प्र0(सि0) / 2025 / 678

दिनांकः 20 जून, 2025

प्रेषक,

उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

सेवा मे,

नोडल अधिकारी
भूगर्भ जल विभाग / सदस्य,
जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद,
जनपद—गौतमबुद्धनगर

विषयः— भूगर्भ जल पुनर्भरण हेतु तालाबों के माध्यम से पुनर्भरण किए जाने के लिए सूची उपलब्ध करने के सम्बंध में।

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्रांक—1026 / भू0ज0वि0 / एक्ट(एनओसी) / नो0अधि0 / गौतमबुद्धनगर, दिनांक 27.01.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ वर्तमान भूगर्भ जल के एन0ओ0सी0 धारक उपभोक्ताओं की सूची संलग्न की गई थी।

अवगत कराना है कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी.) में विचाराधीन मूल वाद सं0—177 / 2022 (अभीष्ट कुसुम गुप्ता बनाम् उ0प्र0 राज्य एवं अन्य) में पारित दिशा—निर्देशों के अनुपालन में नौएडा प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत 10 तालाबों का कार्य पूर्ण कराया गया है, जिनमें भूजल पुनर्भरण एवं आवश्यक रखरखाव / अनुरक्षण किया जाना प्रस्तावित है। नौएडा प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण किये गये तालाबों का विवरण निम्नवत हैः—

क्र0सं0	ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	एरिया (है0 में)	वर्क सर्किल
1	सदरपुर	165	0.380	WC-3
2	हजरतपुर वाजिदपुर	116	0.3670	WC-4
3	भूडा	169	0.0632	WC-7
4	शहदरा	240	0.670	WC-8
5	सालारपुर खादर	411	0.2024	WC-8
6	झट्टा	246ख	0.3540	WC-10
7	कोंडली बांगर	176	0.1265	WC-10
8	कोंडली बांगर	392	0.3790	WC-10
9	दादोली बांगर	374	0.2530	WC-10
10	गुलावली	338	1.391	WC-10

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त तालिका में वर्णित 10 तालाबों के पुनर्भरण एवं आवश्यक रखरखाव / अनुरक्षण किये जाने हेतु सक्षम स्तर द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

अतः अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय,

(विजय रावल)
उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

प्रतिलिपिः

- मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसके) महोदय को सादर सूचनार्थ।
- विशेष कार्याधिकारी (एमपी) महोदय को सादर सूचनार्थ।
- वरिष्ठ प्रवन्धक, वर्क सर्किल—3, 4, 7, 8 एवं 10 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

Scanned with OKEN Scanner